सार समाचार

विश्व समाचार / कूटनीति

यमन की राजधानी में हवाई हमला

सना।रायटर। सऊदी अरब की अगुआई वाले गठबंधन के विमानों ने सोमवार को यमन की राजधानी सना के सैनिक ठिकानों पर हवाई हमले किए। यह जानकारी स्थानीय लोगों ने दी। यमन में लागू दो दिन के युद्ध विराम के बावजूद हवाई हमले किए गए और घमासान लड़ाई शुरू हो गई।

हवाई हमले राजधानी के पास के एक पर्वत के सैनिक ठिकानों पर किए गए। हवाई हमले के बाद हुए जोरदार धमाकों से कई मकान हिल उठे। सना पर ईरान समर्थित हाउती लड़ाकों का नियंत्रण है। बीस महीने के सऊदी गठबंधन के अभियान के बावजूद यमन के बड़े भाग पर हाउती लड़ाकों का कब्जा बना हुआ है। सऊदी गठबंधन यमन में निर्वासित सरकार की सत्ता बहाल करना चाहता है।

सऊदी गठबंधन ने 48 घंटे युद्ध विराम का ऐलान किया था लेकिन वह नाकाम हो गई। युद्ध विराम की अवधि सोमवार को समाप्त हो गई। यमन की हिंसा से संयुक्त राष्ट्र के शांति प्रस्ताव पर भी, जिसमें हाउती से बड़े शहरों को खाली करने और यमन के संघर्षरत गुटों से एकता कायम करने को कहा गया है, आशंका व्यक्त की जाने लगी है।

काबुल में शिया मस्जिद में विस्फोट, 20 मरे

काबुल।आईएएनएस। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक शिया मस्जिद में सोमवार को हुए विस्फोट में 20 लोगों की मौत हो गई और 30 लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी 'पाझवोक' ने बताया कि यह विस्फोट शहर के दार-उल-अमान क्षेत्र में हुआ। फिदायीन हमलावर ने बाकर-उल-उलूम मस्जिद में घुसते ही अपनी विस्फोटक बेल्ट समेत खुद को उड़ा दिया। 'वन टीवी' चैनल ने बताया कि यह विस्फोट पश्चिमी काबुल की एक मस्जिद में एक शिया समारोह के दौरान हुआ। 'खामा प्रेस' को एक स्थानीय प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि इस हमले में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। काबुल में सोमवार को होने वाला यह दूसरा विस्फोट है।

काबुल के पुलिस प्रवक्ता बासिर मुजाहिद ने 'पाझवोक' को बताया कि इससे पहले सोमवार को ही बागरामी जिले में हुए विस्फोट में दो लोग घायल हो गए थे।

ओबामा, पुतिन ने सीरिया पर बात की

पुतिन ने अपने यहां अपेक शिखर सम्मेलन के अवसर पर सीरिया और यूक्रेन के बारे में बात की।

लीमा ■ रायटर/डेस्क

अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने यहां अपेक शिखर सम्मेलन के अवसर पर सीरिया और यूक्रेन के बारे में बात की। दोनों ने पेरू की राजधानी के लीमा में अपेक की शिखर बैठक शुरू होने से पहले बात की। संभवतः ओबामा के शासनकाल में इन दोनों नेताओं के बीच यह अंतिम बैठक हो सकती है। ओबामा ने पुतिन से कहा कि रूस के यूक्रेन के बारे में मिन्सक युद्धविराम समझौते के तहत किए गए वादों का पालन करना चाहिए।

ओबामा ने सीरिया की हालत को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि वहां कुछ समय तक अराजकता की स्थिति बनी रह सकती है। ओबामा ने प्रशांत महासागर के तटवर्ती देशों के शिखर सम्मेलन के बाद पत्रकारों से कहा कि वह सीरिया की समस्या के अल्पकालिक हल और वहां की स्थिति सामान्य होने के प्रति आशावान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति बशर अल असर के समर्थन में रूस और ईरान के निश्चय के बाद से वहां हवाई हमले किए जा रहे है और इसमें वहां के नागरिक भी मारे जा रहे हैं। इन हमलों के शिकार स्कूल और अस्पताल हो रहे है, जिसमें बच्चों तथा मरीजों की मौत हो रही है। सीरिया में रूस और ईरान के राष्ट्रपति बशर अल असद का समर्थन कर रहे हैं जिससे उनका हौसला बढ़ा हुआ है और उनकी सेनाएं विद्रोहियों पर हमले कर रही है। साथ ही ओबामा ने जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे से मुलाकात कर दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की बात दोहराई है। राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में ओबामा की यह अंतिम निर्धारित विदेश यात्रा है। व्हाइट हाऊस अधिकारी के मुताबिक अमेरिकी राष्ट्रपति ने जापान के साथ मजबूत संबंधों को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई और अपने कार्यकाल के दौरान जापान के साथ सहयोग पर आभार जताया। ओबामा ने कहा कि वह फिलहाल डेमोक्रेटिक पार्टी का अंतिम राष्ट्रपति होने से चिंतित नहीं हैं। ओबामा ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी को अपने आपको संगठित करने और अपनी पार्टी के संदेश को लोगों तक बेहतर ढंग से पहुंचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी हिलेरी क्लिंटन को वोटरों के बहुत वोट मिले और उनकी राय में अभी भी हिलेरी की लोकप्रियता ऊंचाई पर बनी हुई है।

अमेरिका से रिश्ते सुधारेगा वेनेजुएला!

काराकस।रायटर। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच रिश्ते में सुधार की आशा जताई है। 2013 में वेनेजुएला का राष्ट्रपति पद संभालने के बाद मादुरो ने अमेरिका पर कथित तौर पर 'आर्थिक युद्ध' शुरू करने का आरोप लगाया था जिसके कारण तेल निर्यातक देशों के संगठन ओपेक के सदस्य देशों को महंगाई बढ़ने और जरूरी सामानों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। मादुरो ने टेलीविजन पर प्रसारित हुए अपने भाषण में कहा, मुझे उम्मीद है कि नए चुने गए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अगुआई में वेनेजुएला और अमेरिका के रिश्तों में सुधार होगा और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश की भयानक गलतियों से उबर पाएगा। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से ओबामा के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच रिश्ते बहुत उदासीन हो गए थे। पिछले साल मादुरो ने व्यवसायी ट्रंप को डकैत और चोर कहा था। गौरतलब है कि मादुरो के पूर्ववर्ती ह्यूगो शावेझ के 1999 में राष्ट्रपति बनने के बाद से ही दोनों देशों के बीच रिश्ते खराब रहे हैं। ह्यूगो शावेझ ने एक दशक पहले संयुक्त राष्ट्र में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश को बदमाश कहा था।

मैट्टिस हो सकते हैं अमेरिका के नए रक्षामंत्री

बेडमिंस्टेर। न्यू जर्सी।रायटर। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैरीन कॉर्प के रिटायर्ड जनरल जेम्स मैट्टिस को रक्षा मंत्री (पेंटागन प्रमुख) का कार्यभार सौंप सकते हैं। पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना का सफल नेतृत्व कर चुके जनरल मैट्टिस को ट्रंप बेहद प्रभावशाली मानते हैं। अपने मंत्रालय की रूप रेखा तैयार करने में लगे ट्रंप पार्टी के नेताओं के अलावा मंत्री पद के दूसरे संभावितों से भी मुलाकात कर रहे हैं। इस सिलसिले में उन्होंने जनरल मैट्टिस से मुलाकत रविवार को ट्वीट किया जनरल जेम्स 'मैड डॉग' मैट्टिस को रक्षामंत्री बनाने का विचार किया जा रहा है। वह सही मायने में जनरलों के जनरल है।

वह 'काफी प्रभावशाली' हैं। जनरल मैट्टिस ने 2010 से 2013 तक अमेरिकी सेना के मध्य कमान का नेतृत्व किया था। अफ्रीका से लेकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे देशों में कई अभियान इसी कमान की देख रेख में चलाए गए थे। 66 साल के मैट्टिस ने इराक और अफगान युद्ध में सेना के कमांडर के तौर पर अपनी सेवाएं दी है।

चीन सागर में ताइवान करेगा बचाव अभ्यास

ताइपेइ ■ रायटर/डेस्क

ताइवान ने सोमवार को कहा कि वह दक्षिण चीन सागर के अपने अधिकार क्षेत्र में बचाव अभ्यास करने की योजना बना रहा है जिसमें नौसेना भी शामिल हो सकती है।

तटरक्षा बल के मुताबिक यह सैन्य अभ्यास इतू अबा के आस पास होगा जिसमें दुर्घटनाग्रस्त जहाज के कर्मियों को बचाने का अभ्यास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि फिलहाल नौसेना ताइपिंग द्वीप के पास लगातार गश्त कर रही है और इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नौसेना इस अभ्यास में शामिल नहीं होगी।

दक्षिण चीन सागर के कई क्षेत्रों पर चीन, फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया और ब्रुनेई अपना दावा करते रहे हैं।

हालांकि ताइवान ने खुद को इस विवाद से दूर रखा है लेकिन मई में साई इंग-वेन के राष्ट्रपति बनने के बाद विवादित जलक्षेत्र में यह उसका पहल अभ्यास होगा।

'श्रीलंका में तख्तापलट नहीं सहेगा भारत'

श्रीलंकाई वरिष्ठ मंत्री ने सोमवार को कहा कि भारत श्रीलंका में सेना के सत्ता हासिल करने को सहन नहीं करेगा

कोलंबो ■ भाषा/डेस्क

श्रीलंका में विपक्ष की सैन्य तख्तापलट की चेतावनी की रिपोर्टों के बीच एक श्रीलंकाई वरिष्ठ मंत्री ने सोमवार को कहा कि भारत श्रीलंका में सेना के सत्ता हासिल करने को सहन नहीं करेगा और देश में तख्तापलट की किसी भी प्रकार की कोशिश नाकाम करने में राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना को पूरा समर्थन देगा।

सामाजिक सेवा मंत्री एस बी दिसानायक ने कहा कि सिरीसेना के भारत के साथ अच्छे रिश्ते हैं और वह श्रीलंका में सैन्य तख्तापलट की किसी भी कोशिश को नाकाम करने में भारत से समर्थन मिलने का भरोसा कर सकते हैं। दिसानायक ने 'नेथ एफएम रेडियो' से कहा, 'राष्ट्रपति के पास भारत का समर्थन है। भारत (श्रीलंका सरकार की मदद के लिए) दो पोत भेजेगा।'

सैन्य तख्तापलट की विपक्ष की चेतावनी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नई दिल्ली श्रीलंका में सेना की सत्ता हासिल करने की किसी कोशिश को सहन नहीं करेगा। ज्वाइंट ओपोजिशन के संसदीय नेता दिनेश गुणवर्धन ने शुक्रवार को संसद में कहा था कि देश में सरकार की ओर से लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के कथित हनन के मद्देनजर श्रीलंका में सैन्य तख्तापलट का खतरा है।

उन्होंने 2017 बजट आवंटन में हिस्सा लेने के लिए सदन में मौजूद सिरीसेना को संबोधित करते हुए यह बात कही। ज्वाइंट ओपोजिशन सिरीसेना से पहले राष्ट्रपति रहे महिंदा राजपक्षे का समर्थन करता है। राजपक्षे ने पिछले साल सिरीसेना के हाथों उन्हें मिली हार के लिए भारत समेत अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दोषी ठहराया था।

परदेस : विश्व राजनीति

जन. सुहाग का चार दिनी चीन दौरा शुरू

बीजिंग ■ भाषा/डेस्क

सेना प्रमुख जनरल दलबीर सिंह सुहाग ने सोमवार को अपनी चार दिन की चीन यात्रा शुरू की जिस दौरान वह भारत-चीन दोपक्षीय सहयोग और परस्पर विश्वारस गहरा करने के मकसद से शीर्ष पीएलए नेतृत्व के साथ बातचीत करेंगे और अहम सैन्य प्रतिष्ठान जाएंगे।

जनरल सिंह का 21-24 नवंबर की अपनी इस यात्रा के दौरान पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) और सेंट्रल मिलिट्री कमीशन (सीएमसी) के आला अधिकारियों के साथ भेंटवार्ता करने का कार्यक्रम है। वह एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ गए हैं। सीएमसी चीनी सेना की संपूर्ण उच्च कमान है और उसके अगुवा राष्ट्रपति शी जिनपिंग हैं।

भारतीय सेना का एक बयान कहता है, 'यह यात्रा रक्षा सहयोग के क्षेत्र में पीएलएफ के साथ पुनर्साझेदारी और दोनों देशों के बीच के वर्तमान सहयोग व भरोसे को और गहरा करने का एक मौका है।' बयान के मुताबिक यह सैन्य प्रतिनिधिमंडल इंफैंट्री डिवीजन और आर्मी एयर डिफेंस बिग्रेड समेत अहम सैन्य प्रतिष्ठानों का दौरा करेंगे। इस यात्रा का उद्देय परस्पर चिंता और साझे हित के विषयों पर चीन के साथ संवाद करना है जिनमें आतंकवाद, मानवीय सहायता और शांति मिशन प्रशिक्षण शामिल हैं।

यह यात्रा विशाल एशियाई देशों के बीच बढ़ते आर्थिक और सैन्य रिश्ते के बीच हो रही है। दोनों देशों के बीच कई शीर्ष स्तरीय राजनयिक और सैन्य विनिमय हुआ है। इस यात्रा के समय ही दोनों देशों के बीच पुणे में संयुक्त सैन्य अभ्यास चल रहा है। जनरल सुहाग की यात्रा के बाद पीएलए के वेस्टन थियेटर कमान के कमांडर झाओ जोंगकी अगले महीने के दूसरे हफ्ते की यात्रा होगी।

वैसे वास्तविक नियंत्रण रेखा से जुड़े मुद्दे तो बने हुए हैं लेकिन उत्तरी सीमाएं शांत हैं।

व्हाइट हाउस में नहीं रहेंगी मेलानिया ट्रंप

न्यूयार्क।भाषा। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जनवरी में कार्यकाल शुरू करने के बाद देश की भावी प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप और बेटा बैरन के साथ तत्काल व्हाइट हाउस में रहने नहीं जाएंगे क्योंकि बैरन के माता और पिता दोनों ही उसे पढ़ाई सेशन के बीच में यहां लाना नहीं चाहते। ट्रांजीशन टीम कम्युनिकेशंस डाइरेक्टर जेसन मिलर ने पत्रकारों को बताया, 'शैक्षणिक वर्ष के बीच में 10 साल के बच्चे को यहां लाना वाकई में संवेदनशील है। भविष्य में इस बारे में औपचारिक घोषणा होगी।'

सुर्खियां

इजरायली राष्ट्रपति ने समझा 'जुगाड़' शब्द

चंडीगढ़।आईएएनएस। भारत दौरे पर आए इजरायल के राष्ट्रपति रूवेन रिवलिन की समझ में हिंदी का 'जुगाड़' शब्द स्पष्ट रूप से आ गया। उन्होंने इस बोलचाल के शब्द को और इसके ईजाद करने और काम करने के ढंग से इजराइल को जोड़ने की बात कही।

भारत के राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने अपनी तरफ से इजराइल की नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी समाधान के जरिये कृषि क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाने को लेकर पूर्ण विश्वास को लेकर इजरायल की सराहना की। जुगाड़ शब्द का इस्तेमाल बहुत सारे भारतीय करते हैं। इसका अर्थ होता है कि कोई तरकीब अपनाकर निपुणता के साथ समस्या का समाधान करना या रास्ते की बाधा दूर करना। रिवलिन ने अपने संस्मरण, छवियों और मनोभावों को श्रोताओं के बीच ताजा कराते हुए कहा, जुगाड़ वह रास्ता है जैसे हम सोचते हैं, वह रास्ता है, जिससे हम आविष्कार करते हैं, वह रास्ता है जैसे हम काम करते हैं। इसके बाद वहां हंसी के फव्वारे छूटे। राष्ट्रपति रिवलिन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के साथ भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 12 संस्करण दोवार्षिक कृषि प्रौद्योगिकी और व्यापार मेला एग्रोटेक 2016 के उद्घाटन के बाद वहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, अपने भारत दौरे के दौरान मैंने एक नया शब्द सुना जिसे 'जुगाड़' कहा जाता है। जुगाड़ का मतलब समस्या पैदा होने पर चतुराई से समाधान। यदि आप इजरायल और इजरायली को जानते हैं तो आप अंदाजा लगा सकते हैं कि मुझे इस शब्द से कितना जल्दी प्यार हो सकता है, जिसके बाद श्रोताओं में हंसी फूट पड़ी। इस कार्यक्रम में मुखर्जी ने कहा, इजरायल से बहुत कुछ सीखने को है। इजरायल ऐसा देश है जिसने अपनी असुविधाओं को सुविधाओं में बदल दिया।

मिशेल के खिलाफ नस्ली टिप्पणी, पुलिसकर्मी बर्खास्त

ह्यूस्टन।भाषा। अमेरिका के एक पुलिस अधिकारी को फेसबुक पर नस्लवादी टिप्पणी करने के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। इनमें से एक टिप्पणी अमेरिका की प्रथम महिला मिशेल ओबामा के बारे में थी। पुलिसकर्मी को बर्खास्त किए जाने से कुछ सप्ताह पहले 'एप इन हील्स' टिप्पणी को लेकर एक मेयर को भी हटाया जा चुका है। ट्रंप के समर्थक पुलिस अधिकारी जोएल हस्क को उसकी टिप्पणी के कारण बर्खास्त कर दिया गया। उसने मेलिना ट्रंप की तस्वीर पर लिखा था, 'स्लोवेनियन, अंग्रेजी, फ्रेंच, सर्बियन और जर्मन भाषा में धारा प्रवाह।' उसने मिशेल की तस्वीर पर लिखा था, 'अश्वेकतों की भाषा में धाराप्रवाह।'

पाकिस्तान-अमेरिका संबंध

ट्रंप सरकार से संपर्क बनाएं शरीफः मुशर्रफ

इस्लामाबाद ■ भाषा/डेस्क

पूर्व सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ ने कहा है कि पाकिस्तान के पास अमेरिका में भारत की लामबंदी का मुकाबला करने और डोनाल्ड ट्रंप के नए सरकार के साथ तत्काल संपर्क बनाने का सुनहरा मौका है।

मुशर्रफ ने कहा, 'पाकिस्तान के लिए यह सुनहरा मौका है, प्रधानमंत्री (नवाज शरीफ) को तत्काल कदम उठाने और नए (अमेरिकी) सरकार के साथ तत्काल संपर्क कायम करने की जरूरत है।'

उन्होंने कहा कि ट्रंप इस क्षेत्र की राजनीतिक पेचीदगियों से अच्छी तरह परिचित नहीं हैं और उन्हें दक्षिण एशिया के संदर्भ में रणनीति बनाना बाकी है। उन्होंने दुनिया न्यूज से कहा कि भारत इस क्षेत्र में अपना दबदबा बनाए रखना चाहता है।

वह न केवल इस क्षेत्र में बल्कि विश्वक में अपने आप को भावी आर्थिक शक्ति के रूप में देखता है। वह न केवल आर्थिक रूप से बल्कि कूटनीतिक रप से भी पाकिस्तान को अलग-थलग कर देना चाहता है। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिकी सीनेट में भारतीय कॉकस अधिक सतर्क और सक्रिय है, ऐसे में पाकिस्तान को अमेरिकी गलियारों में पैदा की गई भारतीय धारणा का मुकाबला करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की जरूरत है।

पाकिस्तान में सरकार और सेना के बीच मतभेद के बारे में उन्होंने कहा कि भारत ने खासकर पीएमएल-एन के शासन के समय पाकिस्तानी राजनीतिक परिदृश्य की इस कमी का शोषण किया है। पीएमएल-एन के शासनकालों में सेना प्रमुखों और मौजूदा सरकारों में हमेशा मतभेद रहा।

जब मुशर्रफ से पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल राहील शरीफ के भविष्य के बारे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह विस्तार के हकदार हैं। गौरतलब है कि राहील शरीफ 20 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं।

ब्रितानी महारानी से मिल सकते हैं ट्रंप

लंदन।आईएएनएस। ब्रिटेन के अधिकारी अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की महारानी एलिजाबेथ के साथ मुलाकात की योजना बना रहे हैं। वे ट्रंप को मुलाकात के लिए निमंत्रण भेज सकते हैं। 'द टाइम्स' की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन ने 2017 की गर्मियों के दौरान ट्रंप के स्वागत की योजना बनाई है। ट्रंप 20 जनवरी 2017 को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इसके बाद ट्रंप को ब्रिटेन की ओर से औपचारिक निमंत्रण भेजा जाएगा। यह तय करने की पूरी कोशिश है कि ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद सबसे पहले ब्रिटेन की यात्रा करें। अधिकारियों के मुताबिक, ब्रिटेन के अधिकारियों और ट्रंप की टीम के बीच चर्चा जल्द ही शुरू हो सकती है। अगले साल जून या जुलाई में से किसी भी तारीख पर सहमति बन सकती है।

एमएच 370 का मलबा खोजने अफ्रीका जाएंगे परिजन

कुआलालंपुर।एपी। मलेशियाई एयरलाइंस के दो साल पहले लापता हुए विमान एमएच 370 पर सवार यात्रियों के परिजनों ने सोमवार को कहा है कि विमान का मलबा खोजने के लिए वे मेडागास्कर जाएंगे। यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि लापता विमान के साथ आखिर हुआ क्या था।

जांचकर्ताओं को किसी विमान के छह टूटे-फूटे हिस्से मिले थे जो संभवतः उसी जेट विमान के थे जिसने मार्च 2014 में कुआलालंपुर से बीजिंग के लिए उड़ान भरी थी।

उस विमान में 239 लोग सवार थे और यह एकाएक गायब हो गया था। लापता विमान में सवार लोगों के परिवारों ने एक संगठन वॉइस 370 बनाया है। इस संगठन का कहना है कि अब तक जो भी मलबा मिला है वह अफ्रीका के पूर्वी तट के आस-पास ही मिला है।

कोरियाई राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग की तैयारी

सोल।रायटर। दक्षिण कोरिया की विपक्षी पीपुल्स पार्टी राष्ट्रपति पार्क गियून हई के खिलाफ महाभियोग के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाएगी और मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी महाभियोग के हालातों की समीक्षा करेगी। यह जानकारी डेमोक्रेटिक पार्टी के एक प्रवक्ता ने सोमवार को दी।

दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने रविवार को कहा कि वह समझते हैं कि राष्ट्रपति के नजदीकी लोगों की प्रशासन में हस्तक्षेप और उसे प्रभावित करने के मामले में खुद राष्ट्रपति पार्क गियून हई भी शामिल थीं। राष्ट्रपति पार्क गियून की मित्र चोई सून सिल और राष्ट्रपति के पूर्व सहायक चोंग वम के खिलाफ आरोप है कि उन्होंने सत्ता का दुरुपयोग कर कंपनियों पर निजी संस्थानों को चंदा देने के लिए दबाव बनाया।

रूस के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं ट्रंप

लीमा।रायटर। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि अमेरिका के नए चुने गए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के साथ संबंधों को मजबूत करने और दोनों देशों को मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। पुतिन ने एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक कॉर्पोरेशन (एपेक) सम्मेलन के बाद एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, नए राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच रिश्तों के 'अत्यंत असंतोषजनक हालात' को सामान्य करने और आतंकवाद से पैदा हो रहे खतरे से निपटने को लेकर मिलकर काम करने की जरूरत पर सहमति जताई। रूसी राष्ट्रपति ने इसके अलावा अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबाम का भी शुक्रिया अदा किया और उन्हें रूस आने का न्योता दिया। पुतिन ने कहा, मैंने उन्हें बताया कि यदि वह चाहे तो किसी भी समय रूस आ सकते हैं।

5,600 साल पुराने धार्मिक परिसर की खोज हुई

लंदन।भाषा। ब्रिटेन के सबसे प्रसिद्ध प्रागैतिहासिक स्मारक स्टोनहेंज के पास एक बड़े धार्मिक परिसर की खोज हुई, जिसका निर्माण संभावित तौर पर 5,650 साल पहले हुआ था। इस नई खोज से यह पता चलता है कि यह पूरा इलाका पहले की सोच की तुलना में अधिक अहम और धार्मिक रूप से सक्रिय था। स्टोनहेंज के पत्थरों के निर्माण से करीब 1000 साल पहले बना यह 200 मीटर व्यास वाला परिसर स्टोनहेंज इलाके में 100 साल में खोजे जाने वाला सबसे प्रमुख नवपाषाण स्मारक है।

स्टोनहेंज से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित परिसर में 950 मीटर का व्यवस्थित नाला भी है और दो मध्यवर्ती वृतों में गुल्लक भी है। अब तक इस बात का पता नहीं लगाया जा सका है कि स्मारक का कितना और हिस्सा बचा है।

PARMESHWARI SILK MILLS LIMITED

CIN: L17116PB1993PLC012917
Regd. Off: Village Bajra Rahon Road, Ludhiana-141007
Ph.: +91-161-2691873 Email : psmltex@gmail.com
Website: www.parmeshwarisilk.com

EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED SEPTEMBER 30, 2016

Particulars	Quarter Ended 30.09.2016 (Unaudited)	Year to date Figures 30.09.2016 (Unaudited)	Corresponding 3 months ended in the previous Year 30.09.2015 (Unaudited)
Total income from operations (net)	1726.95	3778.49	1615.95
Net Profit/(loss) for the period (before tax, Exceptional and/or Extraordinary items*)	16.57	45.55	20.74
Net Profit/(loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items*)	16.57	46.05	14.83
Net Profit/(loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items*)	10.82	31.80	10.58
Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss)] for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)	859.39	764.66	838.41
Equity Share Capital	255.71	255.71	274.00
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	900.37	900.37	775.24
Earnings Per Share (of Rs 10/- each) for continuing and discontinued operations)-			
1. Basic :	0.42	1.24	0.33
2. Diluted :	0.42	1.24	0.33

Note:
a) The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of the the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Unaudited Financial Results are available on the website of the Company at http://www.parmeshwarisilk.com/.
b) The impact on net profit/loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s) due to change(s) in accounting policies shall be disclosed by means of a footnote.
c) *- Exceptional and /or Extraordinary items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with Ind-AS Rules/AS Rules, whichever is applicable.

For **Parmeshwari Silk Mills Limited**
Sd/-
Jatinder Pal Singh
(Whole Time Director)

Date : 11.08.2016
Place : Ludhiana